तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 2 जनवरी 2026

12 पुरानी आदतों को त्यागकर दिव्य गुणों को धारण करने का लें ...



11 बालोद में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 का ...





## खबर संक्षेप

### ग्राम पटेल संघ की बैठक 4 को

**डौंडीलोहारा।** स्थानीय मां दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण मे 4 जनवरी को दोपहर 12 बजे तहसील स्तरीय ग्राम पटेल संघ की मासिक बैठक रखा गया है। इंद्र कुमार भंडारी ग्राम पटेल धनगांव व मीडिया प्रभारी ने उक्त बैठक में डौंडीलोहारा एवं देवरी तहसील के समस्त पटेल भाईयों से अनिवार्य रूप से अपनी उपस्थिति प्रदान करने की अपील की है।

### पशु परिचारक कमलेश हुए सेवानिवृत्त, दी गई विदाई



**बालोद।** शासकीय पशु औषधालय मुढ़िया में पशु परिचारक कमलेश कुमार वर्मा सेवानिवृत्त हुए वे सन 1983 से 2025 तक इस पद पर पदस्थ थे। जो कि 41 वर्ष से कार्यरत थे, समस्त ग्रामवासी के सहयोग से गली में बाजा गजा के साथ पूरे गली में भ्रमण कराया गया। इस दौरान ग्रामीणो ने कहा उच्च अधिकारी, कर्मचारी के मार्गदर्शन में गौमाता के तन, मन, धन से सराहनी कार्य किया गया। औषधालय के अंदर 10 नग अशोक पेड़ का पौधारोपण भी किया गया है। उनके द्वारा ग्राम मुढ़िया, भेड़ी, सुरेगांव, परसाडीह, मुड़खुसरा, भीमकन्हार, हथौद से सेवा दिया गया, इस अवसर पर रात्रि में जय मावली माता नवयुवक मंच एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से रात्रि में स्वर माला छत्तीसगढ़ी लोक संस्था कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### नपं अध्यक्ष ने जाना मरीजों का हाल, शिशुवती माताओं को बांटे पोषण किट



**गुण्डरदेही।** नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन गुरुवार को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र का भ्रमण किया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों का हाल–चाल जाना और उन्हें भोजन वितरित किया। शिशुवती माताओं की सेहत के लिए पोषण किट भी प्रदान की गई। उन्होंने ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट के नए भवन का निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने हेतु स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर पार्षद हरीश निषाद, सलीम खान, संतोष नेताम, हेमंत सोनकर, डां चन्द्राकर व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# फसल चक्र परिवर्तन की अपील के बावजूद रबी में धान की खेती जारी

## जागरूकता अभियान पर भारी पड़ा धान का समर्थन मूल्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

जिले में किसान धान फसल की बोआई करने का मोह नहीं छोड़ पा रहे हैं, यही कारण है कि कई शहर से लेकर गांव में किसान रबी फसल के लिए धान की नर्सरी(थरहा) तैयार कर लिए है। रबी सीजन में धान फसल को हत्तोसहित करने के लिए लगातार महीनों से जन जागरूकता अभियान चलाकर किसानों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन इसका सार्थक असर देखने को नहीं मिल रहा है। प्रशासन द्वारा रबी फसल में धान की बजाय अन्य फसल लेने के संबंध में तमाम जागरूकता अभियान चलाए जाने के बाद भी किसान रबी में दलहन-तिलहन की बजाय धान की फसल लेने में ज्यादा रूचि दिखा रहे है। यही कारण है कि इस साल भी किसान बड़े पैमाने पर धान फसल लेने के लिए नर्सरी तैयार कर रहे है। गांव के किसान हर साल खरीफ व रबी फसल में धान की फसल प्रमुखता से लेते है। धान का प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य में लगातार बढ़ोतरी होने से किसान धान फसल बोने से अपना मोह नहीं छोड़ पा रहे है। दलहन, तिलहन, गेहूं सहित अन्य फसलों को तैयार होने में कम जल की आवश्यकता पड़ती है। इसलिए शासन-प्रशासन द्वारा लगातार फसल चक्र परिवर्तन के लिए धान की जगह दलहन, तिलहन, गेहूं व अन्य फसल को लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इस साल भी जिला प्रशासन द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाया गया। कुछ गांव में इसका असर भी देखने को मिला है। लेकिन अधिकांश गांव के किसान धान फसल को बोने में ही प्राथमिकता दिखा रहे हैं।



### भूजल स्तर पर गिरावट

उल्लेखनीय है कि भूजल के लगातार गिरावट होने और धान की उर्वरकता कम होने के कारण रबी फसल के रूप में धान फसल को लगाने से हत्तोसाहित किया जा रहा है। कृषि विभाग द्वारा कई कार्यक्रम भी चलाएं गए हैं, इसके बाद भी कई किसान मोटर पंप की सहायता से खेतों में पानी भरकर धान की नर्सरी तैयार कर लिए है। जबकि रबी सीजन में धान फसल लेने पर अधिक पानी की आवश्यकता होती है। लगातार सिंचाई बोर पंपों के चलने से भूजल स्तर तेजी से गिर जाता है, इससे पेयजल संकट समेत कई तरह की दिक्कते सामने आती है किसानों को सिंचाई पानी के अभाव में उनके रबी धान फसल से नुकसान होता है।

## आयोजन : कलेक्टर मिश्रा ने युवाओं से की हेलमेट पहनने और नशापान से दूर रहने की अपील

# राज्यव्यापी सड़क सुरक्षा माह का आगाज, कलेक्टर और एसपी ने दिलाई यातायात नियमों के पालन की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- सड़क सुरक्षा और गौवंश रक्षा में योगदान देने वाले कर्मवीर अतिथियों द्वारा सम्मानित

आम जनता को सुरक्षित यातायात का संदेश देने एवं सड़क दुर्घटना की रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु यातायात पुलिस जिला बालोद द्वारा आज राज्यव्यापी सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी एवं शमशाद बेगम द्वारा मनुष्य के जीवन को अनमोल बनाते हुए स्वयं तथा अन्य सभी व्यक्तियों के जीवन की रक्षा के लिए सभी नागरिकों से अनिवार्य रूप से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई।





कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों एवं जिले वासियों को नये साल में यातायात नियमों का पालन करते हुए सड़क सुरक्षा के उपाय सुनिश्चित करने हेतु संकल्प लेने को कहा। उन्होंने नये वर्ष में अपने नैतिक जिम्मेदारियों तथा यातायात नियमों का पालन जैसे नेक कार्यों की शुरूआत स्वयं से करने को कहा। उन्होंने नशापान से दूर रहने, वाहन चलाते वक्त अनिवार्य रूप से हेलमेट का उपयोग करने तथा सदैव यातायात नियमों का पालन करने के लिए हमारे नई पीढ़ी के बच्चों को भी प्रेरित करने की अपील की। मिश्रा ने यातायात विभाग के जवानों तथा संबंधित विभाग के अधिकारी–कर्मचारियों एवं महिला कमाण्डों को स्कूल, कॉलेज तथा चौक–चौराहे एवं अन्य आवश्यक स्थानों में पहुँचकर आम जनता को सड़क सुरक्षा की उपाय की जानकारी देने को कहा। पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने सड़क सुरक्षा माह के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी देते हुए आम नागरिकों से नये वर्ष के अवसर पर यातायात नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित वाहन चलाने की संकल्प लेने को कहा।

### सुरक्षा के लिए हेलमेट जरूरी

उन्होंने नये वर्ष की शुरूआत सुरक्षित वाहन चलाने एवं हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने जैसे अच्छी आदतों से करने की सीख भी दी। पटेल ने सड़क सुरक्षा के अंतर्गत गुड समैरिटन के अंतर्गत दूसरों को मदद करने वाले व्यक्तियों के लिए शासन द्वारा निर्धारित प्रोत्साहन की व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी दी। नगर पालिका परिषद बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने कहा कि सड़क सुरक्षा के उपाय सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी जिला एवं पुलिस प्रशासन के साथ समाज के प्रत्येक व्यक्तियों की है। उन्होंने नशापान एवं तेज गति से वाहन ड्राइविंग को सड़क दुर्घटना का प्रमुख कारण बताते हुए इसकी रोकथाम हेतु सभी वर्गों के सहभागिता को अत्यंत आवश्यक बताया। शमशाद बेगम ने जीवन को अत्यंत बहुमूल्य एवं महत्वपूर्ण बताते हुए प्रत्येक नागरिकों को स्वयं तथा अन्य सभी व्यक्तियों की सुरक्षा तथा वाहन का उपयोग करते समय विशेष सावधानी बरतने को कहा। समारोह में अतिथियों के द्वारा सड़क सुरक्षा एवं गौवंश की रक्षा में बहुमूल्य योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।

## सियादेवी जलाशय में एडवेंचर स्पोर्ट्स का आगाज

# विकास पर खुशी, लेकिन उपेक्षा पर बरसीं विधायक संगीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम नारागांव स्थित सियादेही जलाशय में एडवेंचर एंड राफ्टिंग सेंटर प्रारंभ होने से क्षेत्र के ग्रामीणो, पर्यटको एवं जनप्रतिनिधियो ने भी हर्श व्यक्त किया। सभी का मानना है कि इससे क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। लेकिन जनप्रतिनिधियो को दरकिनार कर कार्य किया गया है उससे जनप्रतिनिधियो में नाराजगी है। इसके पूर्व भी शक्कर कारखाना के शुभारंभ अवसर पर जनप्रतिनिधियो को दूर रखा गया था तब भी नाराजगी के स्वर उठे थे।



- जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा पर विधायक संगीता ने व्यक्त की नाराजगी

विधायक संगीता सिन्हा ने अपने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नारागांव के सियादेवी जलाशय में पर्यटको के लिए एडवेंचर एंड राफ्टिंग सेंटर प्रारंभ किये जाने पर हर्श व्यक्त किया साथ ही उन्होने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा इतने अच्छे कार्य में हम भी शासन प्रशासन के साथ खड़े होते लेकिन हमे इसकी सूचना तक देना जरूरी नही समझा गया। संगीता सिन्हा ने कहा हम उस कार्य में प्रशासन के साथ में जिसमें आम जनता का हित हो, युवाओं को रोजगार का अवसर मिले एवं मेरे विधानसभा क्षेत्र का विकास हो व मेरे विधानसभा क्षेत्र की पहचान स्थापित हो, लेकिन क्षेत्र के विकास, लोगो को रोजगार के अवसर बढ़े, क्षेत्र की पहचान बढ़े इसके लिए हमारी भी कल्पनाएं है एवं योजनाएं है, हम यहां के निवासी है हम क्षेत्र की भौगोलिक, सामाजिक परिस्थितियो से अच्छी तरह परिचित है। यदि इस प्रकार से निर्वाचित जनप्रतिनिधियो की उपेक्षा कर कार्य किया जाएगा तो क्षेत्र की भावनाएं, आवशयकता, प्रभावित होंगी। संगीता सिन्हा ने कहा अब पर्यटको को यहां इको फ्रंडली वातावरण मे बोटिंग सुविधा मिल सकेगी। विधायक ने बताया कि सियादेवी को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने एवं यहां सुविधाओ के विस्तार के लिए हमेशा प्रयासरत रही, प्रशासन द्वारा निर्वाचित जनप्रतिनिधि की उपेक्षा करते हुए एडवेंचर एंड राफ्टिंग सेंटर का शुभारंभ किये जाने पर नाराजगी जताई है। उन्होने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा संबंधित विधायक एवं अन्य निर्वाचित जनप्रतिनिधियो की इस कार्यक्रम की सूचना ना देना उन्हे आमंत्रित ना करना अत्यंत ही खेदजनक है।

# जिला अस्पताल में कैफे मिलेटेरिया का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला अस्पताल परिसर बालोद में आज कैफे मिलेटेरिया का शुभारंभ हुआ। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने फीता काटकर इस कैफे का उद्घाटन किया और संचालन इस मिलेट कैफे की सबसे बड़ी विशेषता इसकी सुलभता और किफायती दर है। यहाँ आने वाले मरीजों के परिजनों और आम नागरिकों को मात्र 50 रुपये में मिलेट आधारित भोजन की थाली उपलब्ध होगी।

इसके अलावा अन्य स्वास्थ्यवर्धक मिलेट व्यंजन भी मेन्यू में शामिल रहेंगे। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत पंजीकृत शांति स्व–सहायता समूह की महिलाओं को इस कैफे के संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय की साथी परियोजना और नगर पालिका परिषद बालोद के सहयोग से स्थापित यह कैफे महिलाओं को स्थायी रोजगार और नियमित आय प्रदान करेगा।



जिला अस्पताल प्रबंधन ने इस पुनीत कार्य के लिए परिसर में निःशुल्क स्थान उपलब्ध कराया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, कोदो–कुटकी और रागी जैसे मिलेट आधारित आहार, मधुमेह और उच्च रक्तचाप को नियंत्रित करने में सहायक हैं। शुभारंभ के अवसर पर कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कैफे के माध्यम से आमजन को स्वास्थ्यवर्धक भोजन मिलेगा और शांति स्व–सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्राप्त होगा। यह पहल पोषण और महिला सशक्तिकरण दोनों के लिए एक महत्वपूर्ण सेतु साबित होगी।

# हर व्यक्ति की दिनचर्या में खेल होना चाहिए : ताम्रध्वज साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के ग्राम आलबरस में आयोजित राज्य स्तरीय महिला कबडडी खो-खो एवं मैराथन प्रतियोगिता में अतिथि के रूप में प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू शामिल हुये और सभी खिलाड़ियों को उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन व उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

साथ ही उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा की शिक्षा के साथ-साथ खेल भी हमारे मानसिक व शारीरिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है।आगे कहा कि हर व्यक्ति की दिनचर्या में खेल को शामिल किया जाना चाहिए। आज के भागदौड़ और प्रतिस्पर्धा के दौर में अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना अत्यंत आवश्यक है, और स्वस्थ जीवन के लिए खेल की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के खेल आयोजनों से ग्रामीण अंचलों की प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलता है। इस आयोजन में प्रदेश भर के खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस आयोजन में कब्बडी खेल प्रतियोगिता के प्रथम पुरुस्कार राजनांदगांव अ की टीम विजेता रही,द्वितीय पुरुस्कार राजनांदगांव ब,तृतीय पुरुस्कार उतई एवं चतुर्थ पुरुष्कार लालपुर रायपुर को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर पूर्व सभापति जनपद पंचायत टिकेश्वरी देशमुख, सरपंच भुवन लाल देशमुख,पूर्व जनपद सदस्य रुपेश देशमुख, पूर्व सरपंच आशा,देशमुख राजा देशमुख, पूर्व उपसरपंच रोशन लाल देशमुख, डॉ प्यारे लाल साहू,संजय नेताम,नेमन दिल्लीवार, एमंत देशमुख ▶▶| शेष पेज 11 पर





## पंचगव्य चिकित्सा और संस्कारों के जरिए बच्चों का भविष्य गढ़ रहे पुरुषोत्तम राजपूत

# संवारा अनाथों का कल, पुरुषोत्तम ने 11 बच्चों को गोद लेकर बनाया आत्मनिर्भर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

उचित चिकित्सा नही मिलने से मां को असमय मौत का शिकार होता देखा, परिवार की गरीबी के चलते बार बार शिक्षा बाधित हुई, समाज सेवियो ने सहयोग कर शिक्षा की व्यवस्था की तो चिकित्सा के क्षेत्र मे कार्य करने व गरीब परिवार के बच्चों को संरक्षण देकर शिक्षा देने के लिए स्वयं शादी नही की। गरीब बच्चों को अपने साथ रखा, पढ़ाया, योग्य बनाया। बालोद, धमतरी, कांकेर, राजनांदगांव जिला के कुल 11 बच्चों का जीवन संवारा, 23 अन्य बच्चों के जीवन संवारने में सहयोगी बने। एक लड़की व दो लड़को की स्वयं शादी भी कराई।

यह कोई फिल्मी कहानी नही है, जिले के संत ग्राम बेलमाण्ड निवासी पुरूषोत्तम सिंह राजपूत 55 वर्ष की जीवन गाथा है। बालोद से महज 7 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम बेलमांड में माता गुलाबदेवी व पिता अर्जुन सिंह राजपूत के बेटे पुरूषोत्तम सिंह ने 2009 से बच्चों को संरक्षण देना प्रारंभ किया। बीते 15 सालो में 11 बच्चों को गोद लेकर उनका जीवन संवारा है। जिनमें एक बच्चा वकील बनकर एलएलएम कर रहा है।



3 पंचगव्य चिकित्सक बन गए। एक दवाई कंपनी में एमआर है। एक यूपीपीएससी की तैयारी कर रहा है। एक भारत तिब्बत पुलिस बल में देश की सेवा कर रहा है। अन्य को उनका योग्यता क्षमता अनुसार उनका स्कील विकसित किया। लक्ष्य सभी को आत्मनिर्भर बनाना था।

बच्चों का चयन उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को देखकर करते हैं। बच्चों की सारी जिम्मेदारी स्वयं वहन करते है। बच्चों के पालको से कोई राशि नही लेते, आवश्यकता पड़ने पर बच्चों के परिवार को भी मदद करते है। ब्रम्हलीन वेंदांत केशरी स्वामी आत्माराम कुंभज से प्रेरणा लेकर 2007 मे गुरू कृपा मानस परिवार का सृजन कर भगवान राम के आदर्श को जन जन तक पहुंचा रहे है। बाल संस्कार केन्द्र संचालन, विद्यार्थी उज्वल भविष्य शिविर, व्यसन मुक्ति अभियान, मातृ पितृ पूजन दिवस, तुलसी पूजन के माध्यम से हजारो बच्चों को संस्कारवान बनाने कार्य किया, जो निरंतर जारी है। सबसे महत्वपूर्ण यह सभी कार्य अपने पुरूषार्थ से अर्जित धन से कर रहे है। कभी चंदा नही किया, किसी से सहयोग नही मांगा। स्वयं पंचगव्य व होम्योपैथी चिकित्सक है।

पुरूषोत्तम सिहं राजपूत बताते यह प्रेरणा उन्हे समय के घटना चक्र से मिली। स्वयं गरीब परिवार से है। माता को अल्पायु मे ठीक से ईलाज नही मिलने ▶▶| शेष पेज 11 पर

# शहीद वीरनारायण सिंह छग की माटी के गौरव उनका बलिदान सदैव प्रेरणादायी: जिपं अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

विकासखंड गुण्डरदेही के ग्राम पंचायत बोरगहन में धुरव गोंड आदिवासी समाज द्वारा छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीरनारायण सिंह के बलिदान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद वीरनारायण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया गया।



इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ने शहीद की वीरता और उनके ऐतिहासिक संघर्ष को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि शहीद वीरनारायण सिंह जी छत्तीसगढ़ की माटी के गौरव हैं। उन्होंने गरीबों और किसानों के हित के लिए अंग्रेजी हुकूमत से डटकर मुकाबला किया। उनका बलिदान हमें अन्याय के विरुद्ध लड़ने और देश प्रेम की प्रेरणा देता है। हमें उनके बताए आदर्शों पर चलकर समाज और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए।

कार्यक्रम में क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधि, ग्रामीण और बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। स्थानीय नागरिकों और धुरव गोंड समाज ने जिला पंचायत अध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत किया और क्षेत्र की गौरवशाली परंपरा को संजोए रखने के लिए आभार व्यक्त किया।

इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व सदस्य जिला पंचायत बालोद पुष्पेंद्र चंद्राकर, सरपंच ग्राम पंचायत बोरगहन (फुंडा) प्रतिमा देशलहरे, सरपंच ग्राम पंचायत पेंड्री जितेश्वरी ठाकुर, सरपंच ग्राम पंचायत सलोनी राजेश्वरी पडोटी, डीएल धुर्वे, पूर्व सरपंच बोरगहन संतराम चंद्राकर, पूर्व सरपंच अनसूईया चंद्राकर, पूर्व सरपंच कमलेश ठाकुर, दुलार ठाकुर एवं समस्त आदिवासी ध्रुव गोंड समाज बोरगहन अचौद के सदस्यगण शामिल हुए।

## खबर संक्षेप



### घासीदास जयंती मनी

**सड़क अतरिया।** ग्राम कुकुरमुडा में बुधवार को समाज एवं ग्रामीणों ने गुरू घासीदास जयंती उल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, मोतीलाल जंघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, सभापति डोमार सिंह भेड़िया, सरपंच संतोष यदु, राजकुमार साहू शामिल हुए। अतिथियों ने घासी दास के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना किया। जैत खाम पर ध्वजारोहण किया। अतिथियों ने बाबा के आदर्श, समर्पण, विचार, सिद्धांत पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने प्रेरित किया।

### समाज को संगठित करने पर जोर



**डोंगरगढ़।** परिक्षेत्रीय साहू समाज चारभाटा की बैठक में तहसील साहू संघ के अध्यक्ष गिरवर साहू शामिल हुए। बैठक में उन्होंने बताया कि आगामी सात जनवरी को राजिम महोत्सव का आयोजन राजिम में होना। उन्होंने सामाजिक जनों से महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने कहा। श्री साहू ने कहा कि पदाधिकारी एक बात है और बनने के बाद जमीन स्तर पर कार्य करना कठिन है लेकिन समाज को संगठित करना सबका कर्तव्य है इसलिए तहसील स्तर पर पारिवारिक संगोष्ठी प्रारंभ किया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से हमें प्रत्येक परिवार से मिलने का अवसर मिलेगा। इस संगोष्ठी के माध्यम से हमें युवक युवतियों के साथ बैठने का अवसर प्राप्त होगा। बैठक में कमलेश साहू, हनुमानदास साहू, रोहित साहू, उभेराम साहू, महेतरु साहू, विजय साहू, अशोक साहू, रोहित साहू, अश्वनी साहू सहित अन्य शामिल हुए।

### कैम्पस प्लेसमेंट 5 को

**मोहला।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था अंबागढ़ चौकी में युवाओं के लिए आगामी 5 जनवरी को कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया है। इस प्लेसमेंट का आयोजन परिश्रम बीसीएल समूह प्रा. लि. रायपुर के माध्यम से जीनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि. रायपुर के लिए किया जा रहा है जिसमें योग्य प्रशिक्षणार्थी भाग ले सकते हैं। कैम्पस प्लेसमेंट में वर्ष 2020 से 2025 तक उत्तीर्ण शासकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं के प्रशिक्षणार्थी पात्र होंगे। इसमें विद्युतकार व्यवसाय के साथ-साथ फिटर, वेल्डर, डीजल मैकेनिक, टर्नर/कोण एवं अन्य ट्रेड साथ ही डिप्लोमा तथा 10 वीं एवं 12 वीं उत्तीर्ण उम्मीदवार भी शामिल हो सकते हैं।

### मंदिरों में उमड़े लोग, पिकनिक स्पाट भी रहे गुलजार, कई जगहों पर गीत-संगीत का आयोजन

# देवी की भक्ति के साथ नए साल की शुरूआत







हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नए साल के पहले दिन मां बम्लेश्वरी के दरबार सहित चंद्रगिरि तीर्थ, प्रज्ञागिरि में बड़ी संख्या में दर्शनार्थी पहुंचे। वहीं आसपास के बांध में पिकनिक मनाने वाले लोगों की भीड़ देखने मिली।

साल के पहले दिन लोगों ने मां बम्लेश्वरी के दर्शन करने के अलावा करेला भंडारपुर मंदिर में जाकर देवी दर्शन किया। लोगों ने पनियाजोब जलाशय, हाजराफाल में उपस्थिति दर्ज कराकर नये साल का आनंद उठाया। 31 दिसंबर की शाम से लोगों का आना शुरू हो गया था। एक जनवरी तक लगभग 1 लाख दर्षनार्थी पहुंचे। सुबह आठ से दोपहर 2 बजे तक लगभग 70 हजार दर्षनार्थियों ने मां बम्लेश्वरी के दरबार पहुंचकर देवी दर्शन किया। देर रात तक यहां आने वालों की संख्या में और बढ़ेगी।

#### दर्शनार्थियों की संख्या घटी

आंकड़ों के अनुसार इस बार मां बम्लेष्वरी के मंदिर में लगभग 50 हजार दर्षनार्थी कम आए। माना जा रहा है कि नये साल के पहले सप्ताह में लगभग 3 लाख दर्शनार्थी पहुंच सकते है।

#### डंगबोरा जलाशय में सफाई अभियान



पिकनिक स्पॉट के रूप में प्रसिद्ध डंगबोरा जलाशय पर प्रतिदिन 4 से 5 सौ लोगों का आना जाना रहता है। शनिवार, रविवार तथा छुट्टी के दिन हजारों में पर्यटक यहां पहुंचकर पिकनिक स्पॉट का आनंद लेते हैं जिसे ध्यान में रखते हुए ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा ने साथियों के साथ जाकर साफ सफाई किया। सफाई अभियान में कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, दीनूराम पड़ोती सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

#### देर रात तक सजी सुरों की महफिल



**डोंगरगांव।** चालू साल की बिदाई और आने वाले साल के स्वागत में शहर संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 31 दिसंबर को गरबा मैदान में देर रात तक सुरीले सुरों की सरि ता प्रवाहित होते रही। साल 2025 की बिदाई और आगम वर्ष 2026 के स्वागत को यादगार बनाने के लिए राम इंटरप्राइजेस के सहयोग से शहर में संगीतमय ए शाम मस्तानी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, पूर्व मंडल अध्यक्ष स्वरूपचंद जैन, व्यापारी संघ के अध्यक्ष रामकिशन महेश्वरी, दिलीप नाहटा सहित शहरवासियों ने ठंड के बाद में शिरकत करते हुए गीत संगीत का आनंद उठाया। वहीं आदित्य भट्ट, अशोक देवांगन, राहुल सोनवानी, योगेश जैन, सिद्धांत गोस्वामी, अंशुमन, महेन्द्र मानिकपुरी, सावित्री देवांगन, सफीर अहमद, शिव सोनी, प्रियंक जैन, प्रणय सोनी, शशांक खोब्रागढ़े, उज्जवल गुप्ता, आध्या जैन, विमल शर्मा, आशीष जैन, संतोष चक्रधारी, कृष्णकुमार दुबे आदि ने नए- पुराने गीतों की प्रस्तुति दिया।

#### वनांचल में नए साल का स्वागत

**खड़गांव।** गुजरते साल की बिदाई और नए साल का क्षेत्र में ज़ोर शोर से स्वागत किया गया। इस मौके पर नए वर्ष में कुछ नया करने पर विचार किया गया। नए वर्ष के पहले दिन तहसील आफिस को नई जगह पर स्थानांतरित किया गया। इस मौके पर आमजन, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे। समाजसेवी नीलिमी जैन ने अपनी सुपुत्री का जन्मदिन पर स्कूलों में जाकर मिठाई वितरण किया। उन्होंने छात्र छात्राओं से पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान देने पर जोर दिया। उन्होंने मोबाइल से दूर रहने की सलाह दी। क्षेत्र के बच्चों ने पिकनिक स्पॉट में जाकर नए वर्ष का स्वागत किया। वहीं कुछ लोगों ने मंदिर में जाकर दर्शन किया। कुछ बच्चों ने खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया।

#### चोरड़ाधाम में रही रौनक

**सड़क अतरिया।** अंचल का प्रमुख धार्मिक स्थल चोरड़ाधाम में गुरूवार को नए वर्ष के मौके पर पर्यटकों से गुलजार रहा। सुबह से यहां लोगों से रौनक रही। क्षेत्र सहित दूर दराज के लोग यहां नव वर्ष मनाने पहुंचे थे। काफी लोगों ने साल के पहले दिन जल कुंड में स्नान कर डोंगेंश्वर महादेव की पूजा अर्चना किया। शिव भक्तों शिवलिंग पर जल अभिषेक कर दूध, फल, फूल, धतुरा, बेल पत्र आदि अर्पण कर आशीर्वाद लिया। कुछ लोगों ने शीतल जल कुंड में स्नान कर शिव की अराधना किया।

#### कच्ची सड़क से परेशानी

चोड़राधाम पहुंचने के लिए बनी कच्ची सड़क ने लोगों को परेशानी में डाला। ज्ञात हो कि साल्हेवारा नर्मदा मार्ग से चोड़राधाम को जोड़ने वाली सड़क का पक्की करण की मांग लगातार हो रही है। लंबे समय से इस मार्ग को पक्का बनाने का आश्वासन मिल रहा है किन्तु अब तक जस के तस है। इस मार्ग पर अनगिनत गड्ढा है।

# धान उठाव में आई तेजी, किसानों को मिली राहत

### अवैध धान भंडारण पर कार्रवाई जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिले में धान खरीदी सुचारू रूप से की जा रही है। जिले में अब तक 21284 किसानों से 10 लाख 92 हजार 146 क्विंटल धान खरीदा जा चुका है। धान उठाव में तेजी लाने के लिए जिला प्रशासन ने 7 राइस मिलों का पंजीयन किया गया है। इन राइस मिलों के माध्यम से 1 लाख 49 हजार 860 क्विंटल धान के डीओ जारी किए गए, जिसमें से 1 लाख 14 हजार 980 क्विंटल धान का उठाव हो चुका है। धान की लगातार आवक को देखते हुए संग्रहण केन्द्र सेवताटोला में 31 हजार क्विंटल धान के संग्रहण हेतु परिवहन आदेश जारी किया गया है। जिले में खरीदे गए धान के शीघ्र निराकरण के लिए अंतर-जिला मिलिंग की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

#### रकबा का समर्पण

धान बिक्री करने वाले किसानों में से 11824 किसानों ने 4772.12 हेक्टेयर रकबा समर्पण किया है। रकबा समर्पण से कोचियों एवं बिचौलियों द्वारा अवैध धान बिक्री पर प्रभावी रोक लगेगी, जिससे जिले के वास्तविक किसानों से ही उत्पादित धान की खरीदी होगी। कलेक्टर तुलिका प्रजापति के निर्देशन में राजस्व, खाद्य एवं मंडी विभाग के अधिकारियों द्वारा अवैध धान व्यापार के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। अब तक 35 प्रकरणों में 1891 क्विंटल धान जप्त किया जा चुका है। यह कार्रवाई सतत जारी रहेगी।

# अनीता ने आगनबाड़ी में बच्चों के साथ मनाई नववर्ष की खुशियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ दल्लीराजहरा

- नन्हे हाथों में गुलाब, आंखों में सपने : अनीता बंजारे ने आंगनबाड़ी के आंगन में बोई खुशियों की खुशबू





नववर्ष केवल कैलेंडर बदलने का नाम नहीं होता, बल्कि नई उम्मीदों, नए संकल्पों और नई मुस्कानों की शुरुआत होता है। दल्लीराजहरा शहर के वार्ड क्रमांक 27 की आंगनबाड़ी में यह नववर्ष कुछ खास रहा, जब आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनीता बंजारे ने नन्हे-मुन्ने बच्चों के साथ नया साल मनाकर मानवता, ममता और संस्कारों का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। अनीता बंजारे ने आंगनबाड़ी के बच्चों को अपने हाथों से गुलाब के फूल भेंट किए। वह गुलाब केवल एक फूल नहीं था, बल्कि हर बच्चे के उज्ज्वल भविष्य, मीठे सपनों और सफल जीवन की शुभकामना का प्रतीक था। अनीता बंजारे ने बच्चों के सिर पर स्नेह भरा हाथ रखकर उन्हें आगे बढ़ने, कुछ अच्छा बनने और मुस्कुराते रहने का संदेश दिया। इस स्नेहपूर्ण माहौल में अनीता बंजारे ने बच्चों को प्यार से समझाया कि पढ़ाई, साफ-सफाई, अनुशासन और अच्छे संस्कार ही जीवन को सुंदर बनाते हैं। उन्होंने सरल शब्दों में ऐसे छोटे-छोटे टिप्स दिए, जो बच्चों के मन में हमेशा के लिए बस गए। गुलाब के फूलों के साथ-साथ जब अनीता बंजारे ने रंग-बिरंगे फूल बच्चों को दिए, तो मासूम चेहरों पर खिली मुस्कान ने पूरे आंगनबाड़ी परिसर को खुशियों से भर दिया। बच्चों की चमकती आंखें और खिलखिलाती हंसी यह बता रही थी कि अनीता बंजारे का यह प्रयास सीधे उनके दिलों तक पहुंचा।

स्थानीय नागरिकों और अभिभावकों ने कहा कि अनीता बंजारे केवल एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नहीं, बल्कि बच्चों के लिए मां जैसी स्नेहिल मार्गदर्शक हैं। उनका यह प्रयास यह साबित करता है कि यदि कार्य में प्रेम और समर्पण हो, तो छोटी-सी पहल भी बड़े बदलाव की नींव बन सकती है।

अनीता बंजारे द्वारा किया गया यह नववर्षीय आयोजन सराहना का विषय बना हुआ है। लोग मानते हैं कि बंजारे का यह भावनात्मक और प्रेरणादायी कार्य अन्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं समाज के प्रत्येक व्यक्ति को बच्चों के भविष्य के लिए कुछ अच्छा करने की प्रेरणा देता है।

आंगनबाड़ी के छोटे-से आंगन में अनीता बंजारे ने जो खुशियों और संस्कारों के बीज बोए हैं, वे आने वाले समय में एक सुंदर और सशक्त समाज का रूप जरूर लेंगे।

## सांसद के जन्मदिन पर शिवालय में पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

सरपंच संघ छुईखदान ने खैरा नर्मदा में सांसद संतोष पांडेय का जन्मदिन उल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर लोधेश्वर मंदिर में कार्यक्रम आयोजित किया गया।सांसद के कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर जमकर आतिशबाजी कर स्वागत किया गया। सांसद पांडेय ने लोधेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना किया। तत्पश्चात सरपंच, जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों ने उनका भव्य अभिनंदन किया। सरपंच संघ के अध्यक्ष प्रकाश जंघेल ने सांसद के उपलब्धि को गिनाया। श्री पांडेय ने आभार जताते हुए विकास को गति देने की बात कही। इस अवसर पर पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, सरपंच संघ अध्यक्ष प्रकाश जंघेल, नेतराम जंघेल, दूजेराम वर्मा, केसलाल मंडावी, बोधन मेरावी, महेशदास, अवध जंघेल, युवराज पटेल, किशन सेन, कंसराम साहू, प्रेमलाल, संतु पटेल, लालचंद, अशोक साहू, जयप्रकाश मसखरे, बल्लु जंघेल सहित अन्य मौजूद थे।

## फेक ऐप से पेमेंट का झांसा, दो नाबालिग पकड़ाए

**गंडई पंडरिया।** तकनीक के दौर में जहां डिजिटल लेनदेन आसान हुआ है, वहीं शातिर ठगों ने छोटे व्यापारियों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। गंडई में फर्जी ऑनलाइन भुगतान का झांसा देकर ठगी करने वाले दो नाबालिग लड़कों को व्यापारियों की तत्परता और पुलिस ने पकड़ा है। जानकारी के अनुसार गंडई के दो व्यापारियों ने थाने में टेलीफोनिक शिकायत दर्ज कराई कि दो लड़के उनकी दुकान पर पहुंचे और सामान खरीदने के बाद ऑनलाइन भुगतान करने का दावा किया। लड़कों ने बड़ी चालाकी से अपने मोबाइल स्क्रीन पर सक्सेसफुल पेमेंट का मैसेज दिखाया, जिसे देखकर दुकानदारों ने उन्हें जाने दिया किन्तु जब व्यापारियों ने बैंक बैलेंस चेक किया, तो पता चला कि खाते में राशि जमा नहीं हुई थी। धोखाधड़ी का अहसास होते ही दुकानदारों ने पीछा कर दोनों लड़कों को धर दबोचा और पुलिस को सूचना दी।

### विधायक ने दी आंदोलन की चेतावनी, खरीदी व्यवस्था पर उठाए सवाल

# सभी किसानों का पूरा धान खरीदने की मंशा नहीं, सड़क पर आकर लड़ाई लड़ेगी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



कांग्रेस विधायक दलेश्वर साहू ने धान खरीदी के मसले में तीखे तेवर दिखाते हुए आरोप लगाया कि सरकार और प्रशासन की मंशा शत प्रतिशत किसानों का धान खरीदने की मंशा नहीं है।

धान खरीदी शुरू होने के डेढ़ साल बाद भी किसानों की शिकायतों का समाधान नहीं किया जा रहा है। सरकार और प्रशासन का यही रवैया रहा तो बड़ी संख्या में किसान धान बेचने से वंचित हो जाएंगे। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि एक सप्ताह में शिकायतों का समाधान और सिस्टम में सुधार नहीं किया तो कांग्रेस किसानों के साथ सड़क पर आकर लड़ाई लड़ेगी।

#### भटक रहे किसान

उन्होंने बताया कि किसानों ने जितनी जमीन का पंजीयन कराया है वह एग्रीटेक में नहीं दिखा रहा है। किसान रकबा में सुधार के लिए सोसायटी और तहसील कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं किन्तु सुधार नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उपेक्षा पूर्ण बर्ताव जारी रहा तो आगामी 30 जनवरी तक किसान अपना धान नहीं बेच पाएंगे। श्री साहू ने बताया कि शासकीय पट्टेदार कृषि भूमि के धान खरीदी नहीं हो रही है क्योंकि शासकीय पट्टे की जमीन का एग्रीटेक पोर्टल में भू-स्वामी दर्ज नहीं है। इसी प्रकार एग्रीटेक पोर्टल में वारिशान पंजीयन हेतू कैरीफारवर्ड नहीं होने के कारण धान विक्रय करने से किसान वंचित है।

#### सोसायटियों में बिचौलिये हावी

विधायक साहू ने बताया कि किसानों के नए खसरे में जो रकबा एग्रीटेक में जुड़ा है, परन्तु उनका सोसाईटी में रकबा संसोधन नहीं हो पा रहा है। तमाम कोशिशों के बाद भी किसान धान नहीं बेच पा रहे हैं। वहीं 30 प्रतिशत आफलाईन टोकन वितरण व्यवस्था का बिचौलियों व सत्ता पक्ष के लोगों द्वारा दुरूपयोग किया जा रहा है। दुरूपयोग की लगातार शिकायतें मिलने के बाद प्रशासन इस पर अंकुश लगाने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहे है।

विधायक श्री साहू ने गुरूवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि पीवी ऐप में पटवारी द्वारा धान फसल अंकित करने के बाद भी गिरदावरी में संसोधन नहीं हो पाया है जिससे किसान अपना धान नहीं बेच पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वन अधिकार पट्टा एग्रीटेक में पंजीकृत है, परन्तु युनीफाईट फार्मर रजिस्ट्रेशन ऐप में कुछ खसरा का रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है।

#### सत्यापन की आड़ में सता रहे किसानों को

उन्होंने आरोप लगाया कि रकबा समर्पण के निर्देश को गलत परिभाषित कर किसानो को परेशान किया जा रहा है। इसी तरह धान के भौतिक सत्यापन की आड़ में किसानो को बेइज्जत और परेशान किया जा रहा है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने यह भी बताया कि फार्मर एग्रीस्टेक पंजीयन में फार्मर रजिस्टेशन आईडी नहीं बन रहा है जिससे पोर्टल में नाम नहीं जुड़ रहा है। चर्चा के दौरान कांग्रेस नेता गुलाब वर्मा, टिकेश साहू, सद्दाम खत्री, अखलेश नखत, रौशन यद्धु, रौशन साहू, सोमन साहू, दीपक देवांगन मौजूद थे।

# बरगांव में जैतखाम का लोकार्पण

### श्रद्धा के साथ मनाया गया बाबा की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



गुरु घासीदास की जयंती के अवसर पर बरगांव में सतनामी समाज ने कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर नवनिर्मित जैतखाम का लोकार्पण कर बाबा के सत्य, अहिंसा, समानता और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

उक्त समारोह की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु थी। उन्होंने कहा कि संत गुरु घासीदास बाबा का सत्य ही ईश्वर है, ईश्वर ही सत्य है का संदेश समाज को सही दिशा देने वाला है। बाबा ने सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध संघर्ष कर समानता, भाईचारे और मानव धर्म का मार्ग दिखाया, जिसे आत्मसात करना समय की आवश्यकता है। संत समाज पंथी नृत्य एवं झांकी मंडली बेल्हारी ने आकर्षक पंथी नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष रंजीता पडौती, पूर्व जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, सरपंच धनेश्वरी उइके, मनोज साहू, खेलन डहरे, युवराज ढिड़हरे, जनपद सदस्य विवेक मंडावी, संतोष वैष्णव, रामकुमार गुप्ता, संतानु दास साहू, चंदकुमार गोयल, चिंताराम खुटियारे, सेवाराम खुटियारे, सुनील गोयल, आनंद गोयल, मोहन खुटियारे, प्रमोद गोयल, इन्द्र कुमार गोयल, चन्द्रकुमार, संतोष गोयल, खुमानदास खुटियारे, भानुप्रताप खुटियारे, ज्ञानु, अजय, हार्दिक, भव्य, तन्मय, विकास आदि शामिल हुए।

#### पंथी की रंगारंग प्रस्तुति

कार्यक्रम की शुरुआत पंथी नृत्य के साथ हुई। इस मौके पर पारंपरिक वेशभूषा में शोभायात्रा निकाला गया। शाम को ध्वजारोहण कर प्रसादी वितरण किया गया।

## खबर संक्षेप



### लाइनमेन शोभाराम पटेल हुए सेवानिवृत्त

**गुण्डरदेही।** ग्राम पंचायत सिकोसा में 40 वर्षों से अपनी सेवा दे रहे विद्युत विभाग के कर्मचारी लाइनमैन शोभाराम पटेल का 31 दिसंबर को सेवानिवृत्ति हुए, जिसमें विद्युत विभाग गुण्डरदेही के सभी अधिकारी तथा कर्मचारी और सपूर्ण स्टाफ द्वारा विदाई समारोह कर शोभाराम पटेल को विदाई दी। उनके इस विदाई कार्यक्रम में क्षेत्र के जनपद सदस्य आसिफ गहलोत ने भी उनका सम्मान किया और कहा कि जब से हम पैदा भी नहीं हुए थे तब से पटेल चाचा गांव वासियों की विद्युत समस्या का निरंतर समाधान करते आ रहे हैं और हमेशा अपने कार्य के प्रति लगन और निष्ठा के साथ कार्य किया है, विभाग में एक अच्छे कर्मचारियों के रूप में अपनी पहचान बनाई है, आज ऐसे कर्मचारियों का विदाई हमको बहुत कुछ सीखने का अवसर देती है, साथ ही आने वाले समय में हम सब एक साथ समस्याओं का मिल-जुलकर काम करेंगे, इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि कुलेश्वर तिवारी व डामन चौरे उपस्थित थे।

### संगीत कॉलेज की स्थापना

**दुर्ग।** दुर्ग में नए साल में संगीत कला के क्षेत्र मे रूचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए नए रास्ते खुलेंगे। दुर्ग में पहला सरकारी नया संगीत महाविद्यालय स्थापित किया जाएगा। इससे दुर्ग क्षेत्र को एक महत्वपूर्ण संगीत शिक्षा केंद्र मिलेगा।

## पेज 9 के शेष

### हर व्यक्ति की...

पीलूराम पारकर,टुमेंद्र देशमुख, पंचायत सचिव शेषनारायण चंद्रवंशी, देवीसिंह देशमुख, डालाराम देशमुख, राहुल देशमुख, टिकेश्वर देशमुख सहित खिलाड़ी गण एवं ग्रामीण जन बड़ी संख्या मौजूद थे।

### संवारा अनाथों का ...

से मौत के मुह मे समाते देखा। तो चिकित्सक बनकर सेवा का भाव आया कि कोई उचित ईलाज के बिना मौत का शिकार ना बने। स्वयं की पढ़ाई पग पग पर बाधित हुई। 7वीं के बाद धन के अभाव में पढ़ाई रूक रही थी। तब उमराढाह वाले दीपचंद नाहटा जिनकी दुकान बेलमांड मे थी की मृत्यु के बाद उनके पुत्र गुलाबचंद नाहटा ने पिता की स्मृति मे सहयोग किया। 9वीं मे फिर पढ़ाई रूक रही थी, तब बालोद के मोहन टावरी जिनकी कृषि बेलमांड में थी, उन्होने सहयोग किया। 10वीं में फिर बाधा आई तब बालोद नगर के तेजप्रताप चोपड़ा ने अपने घर मे रखकर 10वीं व 11वीं की पढ़ाई पूर्ण करने मे सहयोग किया। जीवन मे पग पग पर मिले सहयोग ने सहयोग के भाव को मजबूत किया एवं गरीब परिवार के बच्चो को पढ़ाने की प्रेरणा मिली। 11 बच्चो को अपने घर मे रखकर पढ़ाया अन्य 23 को सहयोग किया। बाल्यकाल से जड़ी बुड़ी के प्रति रूचि रही जिससे पंचगव्य चिकित्सा में सहायता मिली। उनके पास कई दुर्लभ जड़ी बुटीयो का संग्रह है। जीवन का लक्ष्य है जहर रहित खेती हो, घर घर गाय पले, मानस का आचरण घर घर हो। इसके लिए लगातार विविध आयोजन करते है, 10 बिस्तर पंचगव्य कैंसर अस्पताल बनाना, 125 गौ वंशो की स्वावलंबी गौ शाला एवं 50 सीटर आवासीय गुरूकुल की स्थापना करने की दिशा में कार्य प्रारंभ हो गया है।

**सियासत :** अटल जी की प्रधानमंत्री सड़क योजना और गांव विकास में योगदान को याद किया

# अटल जी के सुशासन और अंत्योदय के मंत्र से गढ़ा जा रहा समृद्ध छगः हथौद में आयोजित हुआ अटल स्मृति सम्मेलन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अटल बिहारी वाजपेयी के शताब्दी वर्ष पर मुक्ताश्रम शिशु मंदिर प्रांगण हथौद में अटल स्मृति विधानसभा सम्मेलन किया गया। मां भारती, पंडित श्यामा प्रसाद मुखजएँ, पंडित

- संध्या परगनिया, चेमन देशमुख और पूर्व मंत्री राकेश यादव ने अटल जी के जीवन, राष्ट्रसेवा और सुशासन के आदर्शों को युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा बताया

दीनदयाल उपाध्याय के तेल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी पर उनके स्मृतियों को नमन किया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने अटल बिहारी वाजपेयी पर अपने विचार रखें, उन्होने कहा छत्तीसगढ़ आज विकास और लोक कल्याण के जिन प्रतिमानों को गढकर अंत्योदय की परिकल्पना को साकार कर रहा है वह ऊर्जा श्रद्धेय अटल जी के सुशासन के मंत्र से उत्सर्जित हो रही है, यह वर्ष छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना का रजत जयंती वर्ष है प्रदेश की 3 करोड़ जनता अपने राज्य निर्माता अटल



जी के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्ति कर रही है। छत्तीसगढ़ राज्य मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन के अध्यक्ष, राज्य मंत्री, संजारी बालोद विधानसभा प्रभारी दीपक म्हास्के ने कहा अटल को महामानव कहे तो गलत नहीं होगा, ऐसा व्यक्तित्व विरले ही मिलता है, आज संगठन खड़ा है, जनसंघ और पाटएँ की यात्र कठिन रही, हम लोग नीति से चलने वाले हैं, देश गांव का देश कहलाता है अटल जी गांव की चिंता की उन्होने गांव वालों की पीड़ा समझी, अटल जी ने प्रधानमंत्री सड़क योजना लाकर गांव के लोगों को समृद्ध किया। इससे गांव का इकोनामिक बदल गया है, तरक्की हो रही है।

जिला संगठन प्रभारी संध्या परगनिया ने कहा अटल जी केवल एक राजनेता नहीं बल्कि हर भारतीय के दिल में बसे एक विचार थे, उनका योगदान हमारे देश की एकता, अखंडता और विकास के लिए अतुलनी है। छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना उनकी दूरदशएँ सोच का परिणाम है। जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा अटल जी ने वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना कर प्रदेश के विकास की नई राह प्रशस्त की थी। आज उनके दिखाएं मार्ग पर चलते हुए छत्तीसगढ़ अपने रजत जयंती वर्ष में नए आत्मविश्वास और संकल्प के साथ प्रगति पथ पर अग्रसर है।

पूर्व प्रदेश मंत्री, जन सेवक राकेश यादव ने कहा कि भारत रत्न ,छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता अटल जी केवल भारत के पूर्व प्रधानमंत्री नहीं बल्कि विकास और सुशासन के महानायक थे, उन्होंने कहा कि अटल जी का जीवन सादगी, समर्पण और राष्ट्रवाद सेवा का प्रतीक था। अटल जी का व्यक्तित्व और विचारधारा सदैव हम सब को प्रेरित करती रहेगी, उनके आदर्श हमें अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित रहने और समाज कल्याण के लिए काम करने की प्रेरणा देते रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव, लघु वनोपज संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष, यज्ञदत्त शर्मा, कृष्णकांत पवार, पवन साहू, सुरेंद्र देशमुख, प्रेम साहू, भुनेश्वरी ठाकुर, निशा योगी, तोमन साहू, प्रतिभा चौधरी, कमलेश सोनी, सरस्वती टेमरिया, लक्ष्मी साहू, तेजराम साहू, चंद्रिका गंजीर, अमित चोपड़ा, धर्मेंद्र साहू, आनंद शर्मा, अरुण साहू, खेमलाल देवांगन, टुकेश्वर पांडे, प्रदीप साहू, दुर्गानंद साहू, नरेश साहू, लोकेश श्रीवास्तव, अकबर तिगाला, दीपा साहू, जिला मिडिया प्रभारी कमल पनपालिया, मनीष गांधी, मेहतर नेताम, दानेश्वर मिश्रा, हितेश्वरी कौशिक, संदीप सिन्हा, प्राची लालवानी, सुनीता मनहर, कांति साहू, आशा पटेल सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नव वर्ष के उपलक्ष्य में शाला प्रबंधन समिति और ग्रामीणों ने आयोजित किया न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर

नव वर्ष के उपलक्ष में शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक शाला मुंदेरा में शाला प्रबंधन समिति, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण सहयोग से न्योता भोज का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम मां सरस्वती पूजा अर्चना कर न्योता भोज का शुभारंभ किया गया। साथ ही छात्र छात्रओं को पेन गिफ्ट किया गया।

इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष देवनारायण साहू, उपाध्यक्ष सरस्वती सारथी, प्राथमिक अध्यक्ष तामेश्वरी साहू, सरपंच प्रीति ग्वालियर, उपसरपंच मीनू यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भोज राम साहू, उपाध्यक्ष जागेश्वर सेन, विधायक प्रतिनिधि गिरेंद्र यादव, टोमन साहू, ग्रामीण अध्यक्ष महेश प्रताप साहू, सेवानिवृत शिक्षक एमएल. गौतम, पूर्व सरपंच कमलेश्वर साहू, पूर्व उपसरपंच किलेश्वर साहू, परिक्षेत्र उपाध्यक्ष साहू समाज खिलेश्वर साहू, ग्रामीणजन जीवनराम साहू, सेवानिवृत्त शिक्षक धीराज सिंह साहू, सेवानिवृत्ति शिक्षक मेहतरू राम मंडावी, समाजसेवी केवल राम साहू, तेज बहादुर साहू, पंच अंजू सेन, बालाराम साहू, राजेश्वरी साहू, चिन्तेश्वरी साहू, पूजा ठाकुर, कमला साहू, एशनी साहू, डेमिन साहू, मिथिलेश चंद्राकर, शांता साहू, देवबति ठाकुर, खेमलाल साहू, धनेश्वरी साहू, लोकेश्वरी साहू,







पद्मिनी यादव, पूर्णिमा यादव, भानुप्रिया सेन, लक्ष्मी साहू, संतोषी साहू उपस्थित थे।

इस अवसर पर सेवा निवृत्त शिक्षक एमएल.गौतम द्वारा सभी बच्चों का उत्साहवर्धन कर जीवन में आगे बढ़ने का प्रेरणा दिया गया, वर्तमान उप सरपंच मीनू यादव, परीक्षेत्रीय उपाध्यक्ष खिलेश्वर साहू द्वारा बच्चों के उत्साहवर्धन के साथ शिक्षक के महत्व के प्रति सभी बच्चों को आशीवर्चन दिए। विधायक प्रतिनिधि गिरेंद्र यादव द्वारा न्योता भोज करने के फायदे बताए और कहा समुदाय और स्कूल कैसे एक दूसरे से जुड़ते हैं, समापन के अवसर पर सभी बच्चों को पेन वितरण किए गए एवं सभी शिक्षकों को पेन देकर सम्मानित किया गया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष देवनारायण साहू द्वारा उपस्थित जनप्रतिनिधियों शाला प्रबंधन समिति के सदस्य एवं ग्रामीण जनों का आभार व्यक्त किया।

## बालोद में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 का शुभारंभ, यातायात जागरूकता रथ रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

01 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक जिले में सड़क सुरक्षा माह मनाया जाएगा। कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं नगर पालिका अध्यक्ष बालोद द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ किया गया। हरी झण्डी दिखाकर यातायात जागरूकता रथ को रवाना किया गया। सड़क सुरक्षा मितानों को सड़क सुरक्षा मितान बिल्ला वितरित किया गया। सेल्फी विथ हेलमेट की थीम पर हेलमेट पहनकर अतिथयों द्वारा सड़क सुरक्षा संदेश दिया गया। 01 जनवरी को जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं नगर पालिका अध्यक्ष बालोद द्वारा किया गया है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रलय भारत शासन द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार प्रत्येक जिला इकाई में 01 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक यातायात सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जाना है। जिला पुलिस बल बालोद के अधिकारी, कर्मचारीयों द्वारा आम जनों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से हेलमेट रैली निकालकर शहर भ्रमण किया गया है।

- गुड समैरिटन बनें, घायलों की मदद करें : योगेश









इस अवसर पर सड़क सुरक्षा मितानों को सड़क सुरक्षा बिल्ला वितरित कर लोगों में सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। अतिथियों द्वारा सेल्फी विथ हेलमेट की थीम पर हेलमेट पहनकर सेल्फी लेकर लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन करने का संदेश दिया गया। यातायात सड़क सुरक्षा माह 2026 के दौरान विविध कार्यक्रम जैसे स्कूली बच्चों का निबंध लेखन, चित्रकला, स्लोगन प्रतियोगिता, स्काउड गाईड के बच्चों के साथ गुलाब फुल भेंठ कार्यक्रम, वाहन चालकों का स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच, स्कूली बसों, एंबुलेंस का चेकिंग शिविर, लर्निंग लायसेंस शिविर, गुड सेमेरिटन्स का सम्मान जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालोद मोनिका ठाकुर, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, अपर कलेक्टर अजय किशोर लकड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष बालोद प्रतिभा चौधरी, महिला कमांडो संरक्षक शमशाद बेगम, उप पुलिस अधीक्षक बालोद बोनीफॉस एक्का, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस देवांश सिंह राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक राजहरा चित्र वर्मा, एसडीएम बालोद नुतन कंवर, जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश कुमार ठाकुर, रक्षित निरीक्षक रेवती वर्मा, प्रभारी यातायात रविशंकर पाण्डेय, थाना प्रभारी बालोद शिशुपाल सिन्हा, थाना प्रभारी अजाक दिनेश कुर्रे, थाना प्रभारी पुरूर मनीष शेण्डे, साइबर सेल प्रभारी बालोद धरम भुआर्य एवं बालोद पुलिस के अधिकारी, कर्मचारी, महिला कमांडो, एनएसएस, एनसीसी के स्कूली छात्र एवं अन्य नागरिक उपस्थित थे।

## नववर्ष के पहले दिन कलेक्टर मिश्रा ने अधिकारियों कर्मचारियों के साथ की सद्भावना बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने नये वर्ष के पहले दिन आज 01 जनवरी को संयुक्त जिला कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ सद्भावना बैठक आयोजित की।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि बालोद जिले के कलेक्टर

- जिले की उपलब्धियों का श्रेय टीमवर्क को दिए
- स्वस्थ रहें, खुश रहें और निष्ठा से कार्य करें : कलेक्टर
- नशामुक्ति और स्वच्छता का संकल्प





के रूप में उनके पदस्थापना के दौरान से ही हमारा जिला विभिन्न क्षेत्रें में उल्लेखनीय उलपब्धि हासिल कर निरंतर नित नये ऊंचाईयों को स्पर्श कर रहा है। उन्होंने इसका श्रेय संपूर्ण जिले वासियों के सक्रिय सहभागिता के साथ जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों के अथक परिश्रम, लगन एवं अपने कार्य के प्रति समर्पण को दिया है।

कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि हम सभी अधिकारी-कर्मचारियों के साथ प्रत्येक व्यक्तियों को अपने कार्य क्षेत्र एवं सामाजिक दायित्वों को निष्ठापूर्वक निर्वहन तथा अपना योगदान सुनिश्चित करने हेतु प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ एवं प्रसन्नचित रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बिना आत्म संतुष्टि एवं प्रसन्नचित हुए बिना अपने कार्य में शत प्रतिशत परिणाम हासिल नही कर सकते। इसलिए हम सभी को सदैव प्रसन्नचित रहकर अपने घर परिवार को भी सदैव प्रसन्नचित रखने का प्रयास करना चाहिए।

मिश्रा ने कहा कि मुझे गर्व है कि जिला कलेटक्टर के रूप में बालोद जिले में मेरी पहली पदस्थापना हुई है। इस अवसर पर उन्होंने बालोद जिले में ऊर्जावान एवं अपने कार्य के प्रति समर्पित अधिकारी-कर्मचारियों की बेहतरीन टीम तथा जिले की उत्कृष्ट कार्य संस्कृति की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिले के अधिकारी-कर्मचारियों का अपने कार्य के प्रति प्रतिबद्धता, निष्ठा एवं लगन के फलस्वरूप ही जिले को विभिन्न क्षेत्रें में निरंतर उपलब्धियां हासिल हो रही है। इस अवसर पर कलेटक्टर मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को नशापान से दूर रहने तथा अपने कार्य स्थल एवं घर परिवार को भी स्वच्छ, सुंदर बनाए रखने की संकल्प लेने को कहा। कलेक्टर ने नव वर्ष की पावन बेला पर ईश्वर से यह कामना की संपूर्ण जिलेवासियों के साथ-साथ जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों के बीच प्रेम, सद्भावना, आपसी भाईचारा सदैव बना रहे।

अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक ने आशा व्यक्त किया कि हमारा बालोद जिला कलेक्टर मिश्रा के कुशल नेतृत्व एवं दिशा-निर्देशन में आम जनता के हित में शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित कर प्रत्येक क्षेत्रें में सिरमौर बनेगा। उन्होंने जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को बालोद जिले को प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी बनाने हेतु पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने की अपील भी की।

इस अवसर पर उन्होंने सुमधुर कविता पाठ किया। अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा ने कहा कि नये वर्ष हमारे जिले तथा राष्ट्र एवं समाज के नवनिर्माण के लिए भी हम सभी का मार्ग प्रशस्त करे। इस अवसर पर उन्होंने संयुक्त जिला कार्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को अपने कमियों को दूर कर अपने आचार-विचार, व्यक्तित्व तथा अपने कार्यों एवं दायित्वों को भी बेहतर एवं उत्कृष्ट बनाने की दिशा में संकल्प लेकर कार्य करने को कहा। इस दौरान संयुक्त जिला कार्यालय के अन्य अधिकारी-कर्मचारियों ने भी अपना अनुभव साझा किया।

## करेंगांव में रामायण प्रतियोगिता का भव्य व समापन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

विकासखंड के वनांचल ग्राम करेंगांव में नववर्ष 2026 के पावन अवसर पर आयोजित रामायण प्रतियोगिता का भव्य एवं गरिमामय समापन समारोह संपन्न हुआ। इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन ने ग्राम सहित आसपास के क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रोताओं की उपस्थिति रही।

समापन समारोह की मुख्य अतिथि डौंडीलोहारा की लोकप्रिय विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि रामायण मानव जीवन के लिए मार्गदर्शक ग्रंथ है, जो सत्य, मर्यादा, त्याग और सेवा का संदेश देता है। ऐसे



आयोजनों से युवा पीढ़ी को संस्कार मिलते हैं और सामाजिक समरसता मजबूत होती है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य राजाराम तारम, विधायक प्रतिनिधि गोविंद चंद्राकर, जोन प्रभारी झुमुक लाल परसाई एवं दिलीप बघेल, जनपद सदस्य देवकुमार राणा, ब्लॉक युवा अध्यक्ष भूपेंद्र साहू, वरिष्ठ कार्यकर्ता पुरुषोत्तम भुआर्य सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सेक्टर प्रभारी, गणमान्य नागरिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। रामायण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने सुमधुर वाणी और भावपूर्ण प्रस्तुति के माध्यम से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवंत किया। कार्यक्रम के माध्यम से नववर्ष 2026 पर सेवा, समर्पण और संगठन की मजबूती का संकल्प भी लिया गया। आयोजन की सफलता पर आयोजक समिति, कलाकारों तथा ग्राम करेंगांव की जागरूक जनता के प्रति आभार व्यक्त किया गया। अतिथियों ने आयोजन को अनुकरणीय बताते हुए भविष्य में भी ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## मंजूलता ने बीमार व्यक्ति के उपचार के लिए दी सहायता राशि

**बालोद।** सरपंच जनकल्याण योजना के तहत ओरमा सरपंच ने मानदेय के चार हजार रुपया इलाज के लिए भेंट की।

ग्राम पंचायत ओरमा के सरपंच मंजूलता परस साहू ने फिर एक बार जनता को निःस्वार्थ भाव की सेवा के रूप में सेवाएं दी है। आपको बता दे की पंचायत चुनाव के समय उन्होंने जरूरतमंद लोगों को अपने मानदेय के राशि देने का मतदाता से वादा किया था, जो आज पूरा होते दिख रहा है। सरपंच मंजूलता परस साहू ने अपने गृह ग्राम मेंड़की में अपने स्वयं के एक योजना जैसे



सरपंच जनकल्याण योजना के तहत चार हजार रुपया की मानदेय की राशि को जरूरतमंद लक्ष्नी बाई यादव को उनके इलाज के लिए दिए, साथ में गांव के नागरिक साहू समाज के अध्यक्ष मनोहर साहू ने भी उन्हें अपने ओर से सहयोग किया है। इस दौरान सरपंच मंजूलता परस साहू, भाजपा नेता गुणवंत लाल श्रीवास्तव, साहू समाज अध्यक्ष मनोहर लाल साहू, नागरिक होरीलाल गजपाल, भूवन लाल भारद्वाज, नारायण साहू, लक्ष्मी बाई यादव के घर पहुंच कर सरपंच ने अपने मानदेय की नगद राशि चार हजार रुपया भेंट की है, आगे उन्होंने कहा चुनाव के सभी वादा पूरा होंगे।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## खबर संक्षेप



### ग्रामीणों ने नाड़ी वैद्य गुरुदेव बिरेंद्र देशमुख से की मुलाकात

**गुण्डरदेही।** ग्राम ईरागुड़ा के ग्रामीणों ने लिमोरा मे नाड़ी वैद्य गुरुदेव बिरेंद्र देशमुख से मुलाकात कर नव वर्ष पर भेंट की। मुलाकात के दौरान ईरागुड़ा के ग्रामीणो ने नाड़ी वैध बिरेंद्र देशमुख से गांव के जर्जर शीतला मंदिर निर्माण की बात रखी, जहां ग्रामीणो की मांग पर जर्जर शीतला मंदिर निर्माण के लिए गुरुदेव ने 21 हजार रुपए की सहयोग राशि देने का आश्वासन दिया। तत्पश्चात ग्रामीणो ने गुरुदेव का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। मुलाकात के दौरान निजानंद चंद्राकर, हरदेव लाल सार्वा, सरपंच पति हरिलाल निषाद कामता निर्मलकर, राजेंद्र निषाद, महेश चंद्राकर, संतोष यादव, महेंद्र दास सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए शिविर आयोजित

**बालोद।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रतिमा ठाकरे झा के निर्देशानुसार गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वर्तमान में 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले नये मतदाताओं तथा 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले भावी मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु निरंतर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सके अंतर्गत आज 31 दिसंबर को गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में मास्टर ट्रेनर्स, अभिहीत अधिकारियों एवं बीएलओ के द्वारा शिविर लगाकर नये एवं भावी मतदाता के रूप में शामिल विद्यार्थियों को फार्म 06 भराया जा रहा है।

### ग्राम भोथली में एक दिवसीय आधार सुधार शिविर आयोजित



**अंडा।** ग्राम पंचायत भोथली में आधार कार्ड सुधार एवं आधार अपडेट करने के लिए एक दिवसीय शिविर का आयोजन जिला पंचायत सदस्य आशा विक्की मिश्रा जी एवं जनपद सदस्य दामिनी मुकेश साहू के मार्गदर्शन में किया गया। जहां पे जनपद सदस्य स्वयं उपस्थित होकर शिविर में हो रहे आधार अपडेशन के बारे में जानकारी लिए उन्होंने बताया कि शिविर आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य है। लोगो को आधार में आ रही छोटी छोटी समस्या को सुधारने और अपडेट करने के लिए बाहर गांव जाना पड़ता है और लोगों को भटकना पड़ता था।जिसको ध्यान में रखते हुए यह शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें जहां तक संभव हो सके लोगों की आधार से संबंधित समस्या का समाधान हो सके और जिनका भी आधार नहीं सुधार प रहा है उन्हें उचित मार्गदर्शन दिया जा सके। ताकि भविष्य में उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े। साथ ही उन्होंने बताया कि काफी संख्या में ग्रामीणों ने शिविर में उपस्थित होकर अपना आधार सुधार कराया।

**सुविधा : बिजली खपत की हर आधे घंटे की रीडिंग देख सकेंगे उपभोक्ता**

# नववर्ष पर रीजन के 65 प्रतिशत उपभोक्ताओं को मिली स्मार्ट मीटर की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नये वर्ष की सुबह दुर्ग रीजन (दुर्ग, बालोद, बेमेतरा जिले) के लाखों बिजली उपभोक्ताओं के लिए पारदर्शिता और आधुनिकता की नई किरण लेकर आ रही है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) दुर्ग क्षेत्र ने नव वर्ष के अवसर पर 65 प्रतिशत उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर की सौगात दे दी है। अब उपभोक्ता नए साल में अपनी बिजली खपत के एक–एक पैसे का हिसाब रख सकेंगे।

उल्लेखनीय है कि विद्युत रीजन दुर्ग के तीनों जिलों के लगभग 65 प्रतिशत लोगों के घरों में आधुनिक स्मार्ट बिजली मीटर लग चुके हैं, जिससे वे नई व्यवस्था का सीधा लाभ उठाना शुरू कर चुके हैं। अब खपत की पाई–पाई का रिकार्ड उपभोक्ता देख सकेंगे। हर आधे घंटे में कितनी यूनिट बिजली की खपत हुई उसका रिकार्ड देख सकेंगे, जिससे विद्युत का किफायत से उपयोग किया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि जहां–जहां स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, वहां पर बिलिंग और रीडिंग सहीं समय पर हो रही है। विद्युत रीजन दुर्ग के अंतर्गत बालोद संभाग में 103696 निम्नदाब उपभोक्ताओं के घर स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं।



कंपनी ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने से उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं मिलेंगी एवं सटीक बिलिंग और ऊर्जा दक्षता में सुधार होगा। स्मार्ट मीटर लगाने का काम समय सीमा में पूर्ण करने के लिए कंपनी की टीमें लगातार कार्य में जुटी हुई हैं।

कंपनी ने बताया कि उपभोक्ता अब हर आधे घंटे में देख सकेंगे कि कितनी यूनिट बिजली खर्च हुई। अब घर पर मीटर रीडर का इंतजार करने की जरुरत नहीं होगी, रीडिंग सीधे विभाग तक पहुंच जायेगी। स्मार्ट मीटर के प्रीपेड हो जाने पर हर साल जमा की जाने वाली सुरक्षा निधि से उपभोक्ताओं को मुक्ति मिल जाएगी। बैंक अकाउंट की तरह अब उपभोक्ता के फोन पर बिजली का पूरा हिसाब मौजूद रहेगा। भविश्य में 10 किलोवॉट से अधिक संबद्ध भार वाले निम्नदाब उपभोक्ताओं को टी.ओ.डी. टैरिफ पर बिल किया जाएगा, जिससे बिजली की प्रचलित दर में की गई खपत पर छूट का प्रावधान होगा।

कंपनी ने बताया कि यह सब स्मार्ट मीटर लगने के बाद ही संभव होगा। ज्ञातव्य हो कि विद्युत मंत्रलय, भारत सरकार के द्वारा जारी विद्युत (उपभोक्ताओं के अधिकार) नियमन 2020, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के द्वारा जारी मीटरिंग कोड एवं छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा बनाये गये नियमों के पालन में प्रदेश के सभी निम्नदाब उपभोक्ताओं के यहां पुराने मीटरों को स्मार्ट मीटरों से बदलना अनिवार्य है। यह कार्य भारत सरकार और राज्य सरकार के संयुक्त निर्देशो पर आरडीएसएस योजना के अंतर्गत किया जा रहा है। सीएसपीडीसीएल दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल ने कहा कि उपभोक्ता अपना मोबाइल नंबर अवश्य रजिस्टर कराएं क्योंकि मीटर से संबंधित सभी महत्वपूर्ण सूचना उपभोक्ता के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस एवं वाट्सअप के माध्यम से भेजे जाते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी उपभोक्ता मोर बिजली ऐप के माध्यम से अपनी दैनिक खपत देख सकते हैं और बिल तथा विद्युत से संबंधित अन्य सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर लगाना पूरी तरह से निःशुल्क है। भविष्य में सोलर रुफटॉप कनेक्शन लेने पर स्मार्ट मीटर लगे परिसरों में नेटमीटर लगाने की आवश्यकता नहीं होगी। स्मार्ट मीटर में अब मानवीय त्रुटियों की संभावना शून्य हो गई है। मुख्य अभियंता ने कहा कि जीनस कंपनी के कर्मचारी यूनिफार्म एवं विद्युत विभाग के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित आईकार्ड के साथ कार्यालयीन समय में मीटर लगाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि सीएसपीडीसीएल अपने शेष सभी उपभोक्ताओं के परिसर में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य त्वरित गति से कर रही है।



## बालोद में काव्य गोष्ठी आयोजित, वर्ष 2025 को दी विदाई और 2026 का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

■ वरिष्ठ कवियों का सम्मान किया

नए वर्ष की पूर्व संध्या में प्रांतीय छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति जिला इकाई बालोद एवं सरस साहित्य समिति गुण्डरदेही के संयुक्त तत्वावधान में वर्ष 2025 की विदाई एवं आगत वर्ष 2026 की स्वागत में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कामना की कि आगत वर्ष में सुख समृद्धि के साथ साहित्यिक सांस्कृतिक रूप से परस्पर स्नेह, प्रेम बढ़ाने वाले हो। वरिष्ठ कवि सीताराम साहू श्याम पैरी एवं कृष्ण कुमार दीप पेंडरी का सम्मान समिति की ओर से किया गया। काव्य पाठ के प्रारंभ में सरस्वती वंदना एवं गुरु घासीदास की वंदना कुसुमा साहू द्वारा गीत के माध्यम से किया गया। गीतकार रमेश यादव ने श्रृंगार की रचना पढ़ते हुए आंख की महिमा का वर्णन किया। अशोक कुमार साहू ने धरती के प्रति समर्पित भाव व्यंजित किया। दिनेश्वर चंद्राकर ने अध्यात्म को केंद्र बिंदु में रखकर कविता पढ़ी। प्यारेलाल देशमुख ने सामाजिक रचना जड़कला पर प्रस्तुति करते हुए हास्य व्यंग्य की छठा बिखेरी। माखनलाल साहू ने अंगना के मोर दिया बेटा, कर लेबे सोनहा अंजोर गीत पढ़कर मां की ममता का प्रभावशाली चित्रण किया। जलज ताम्रकार ने ग़ज़ल प्रस्तुत की। पारस गुजराती ने भी मुक्तक सुनाया। विजय कुमार टंडन ने अपनी ओज पूर्ण कविता से अमर बलिदानियों को याद किया। गीतकार शिवकुमार अंगारे ने वर्ष 2025 की विदाई एवं वर्ष 2026 के अगवानी को जोड़कर रकात्मक अभिव्यक्ति दी। गजपति राम साहू ने नाम के अनुरूप काम न होने के विसंगतियों पर प्रहार करते हुए व्यंग्य रचना सुनाई। डॉक्टर गीता विश्वकर्मा ने गीत प्रस्तुत की। द्रोण कुमार सर्वा ने सामाजिक, शैक्षिक परिवेश का चित्रण कर सामयिक प्रस्तुति दी। मुरलीधर दास मानिकपुरी ने भक्ति पूर्ण भाव में गुरू की महिमा का बखान किया। कृष्ण कुमार दीप ने अनेक प्रतिको, रूपकों का एच शिक्षाविद जग्गू राम साहू ने किया।

## पुरानी आदतों को त्यागकर दिव्य गुणों को धारण करने का लें संकल्पः विजयलक्ष्मी दीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद में नया वर्ष का स्वागत धूमधाम से एवं खुशियां मनाते हुए किया गया। जिसमें बालोद एवं आसपास के गांव के भाई–बहनें परमात्म घर से अपने नये दिन एवं नये साल की शुरूआत करने पहुंचे।

मुख्य संचालिका बीके. विजयलक्ष्मी दीदी ने कहा नए वर्ष में अपने पुराने, स्वभाव, संस्कार को समाप्त कर नई दैवी दुनिया में जाने के लिए दिव्य गुण व दिव्य शक्तियों को धारण करने का संकल्प लेना है। यह जनवरी मास विशेष तपस्या मास के रूप में मनाया जाता है। इस तपस्या मास में सभी ब्रह्माकुमार एवं ब्रह्माकुमारी बहने विशेष तपस्या करते है। बी.के. सरिता दीदी ने कहा कि हर वर्ष नए साल को बेहतर और खुशनुमा बनाने के लिए हम सभी कई शुभ संकल्प, विचार व वायदे अपने आपसे करते है। अपनी योजनाओं, परियोजनाओं एवं सपनों को साकार करने हेतु मन में अनेक विचार तथा बातें भी आती है। उनमें बहुत से संकल्प सकारात्मक, नकारात्मक, दृढ़ या कमजोर होते है। नकारात्मक या कमजोर संकल्प हमें जीवन में आगे नहीं बढ़ने देते और हमारे व्यक्तित्व को भी निखरने नहीं देते, जिससे हम जिंदगी से भी हताश और निराश होने लगते है। इस तरह नए वर्ष के अवसर पर केक कटिंग भी किया गया साथ ही बच्चों के द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया।

## मनखे-मनखे एक समान के संदेश के साथ बाबा गुरु घासीदास की भव्य जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



ग्राम नवागांव चिचलगोंदी गुण्डरदेही में सतनामी समाज द्वारा बाबा गुरु घासीदास जी की भव्य जयंती समारोह एवं मड़ई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। समारोह में पंथी नृत्य और मंगल भजनों के बीच बाबा के बताए सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी केवल एक समाज के नहीं, बल्कि पूरी मानवता के पथ–प्रदर्शक थे। उन्होंने कहा बाबा घासीदास इस युग के सबसे बड़े संत थे, जिन्होंने समाज में व्याप्त ऊंच–नीच, भेदभाव और पाखंड को मिटाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने आगे जोर देते हुए कहा कि बाबा का दिया हुआ मनखे–मनखे एक समान का अमर संदेश आज के दौर में और भी अधिक प्रासंगिक है। उन्होंने समाज के लोगों से बाबा के बताए सात सिद्धांतों का पालन करने और



शिक्षित बनकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ने की अपील की। इस दौरान पंथी नर्तक दलों ने अपनी प्रस्तुति से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने अपने संबोधन के अंत में बाबा के आशीर्वाद से क्षेत्र की सुख–समृद्धि की कामना की और आश्वासन दिया कि बाबा के आदर्शों के अनुरूप समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है।

कार्यक्रम में जसवंत सिंह, सरपंच ग्राम पंचायत सनौद डिलेश्वर पटेल, कवि केशव साहू, उपसरपंच बुधियार देशलहरे, पूर्व सरपंच चंद्रभान निषाद, पंच सुखिया बाई, शिवकुमार साहू, पंच जीवन कोसरे, पूर्व सरपंच गंगाराम बंजारे, नागेश बंजारे, पंच नरोत्तम बारले, राजकुमार बंजारे, डॉ यशवंत साहू, साबिर खान एवं सतनामी समाज के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## भोथली स्कूल में पूर्व सरपंच रमेश ने जन्मदिन पर न्योता भोज कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



प्राथमिक शाला भोथली में पूर्व सरपंच रमेश कुमार साहू एवं जनपद सदस्या दामिनी मुकेश साहू द्वारा, जन्मदिन के उपलक्ष्य में न्योता भोज आयोजित किया गया जिसमें बच्चों को भोजन एवं मुंह मीठा कर कर नव वर्ष की शुभकामनाएं एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई जहां पे मुख्य रूप से जनपद सदस्य दामिनी मुकेश साहू, रमेश साहू पूर्व सरपंच, घनश्याम सिंह साहू जी पूर्व प्रधान पाठक एवं प्राथमिक शाला भोथली के सभी शिक्षक गण मौजूद रहे।

इस अवसर पर जनपद सदस्या दामिनी साहू ने न्योता भोज के बारे में विस्तृत जानकारी दी कि शिक्षक छत्तीसगढ़ में 'न्योता भोज' योजना सरकारी स्कूलों में मिड-डे मील को बेहतर बनाने के लिए शुरू की गई है, जिसमें लोग जन्मदिन, शादी की सालगिरह जैसे खास मौकों पर बच्चों को पौष्टिक भोजन खिलाकर योगदान करते हैं, जिससे पोषण के साथ-साथ सामुदायिक जुड़ाव और स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है कोई भी व्यक्ति, संस्था, या जनप्रतिनिधि अपने जन्मदिन, सालगिरह, या त्योहार जैसे खास दिन पर स्कूल जाकर बच्चों के लिए अतिरिक्त पौष्टिक भोजन जैसे खीर, मिठाई, फल, या पूरी थाली का आयोजन कर सकता है। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन देना। एवं समाज और स्कूलों के बीच अपनत्व और जुड़ाव की भावना बढ़ाना, स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाना है। संक्षेप में, न्योता भोज छत्तीसगढ़ में एक सफल जनभागीदारी अभियान है जो पोषण और सामुदायिक भावना को बढ़ावा दे रहा है।

### प्रगति विद्यालय ने बच्चों को कराया न्योता भोज



**डौंडीलोहारा।** नववर्ष के उपलक्ष्य में विद्यालय में बच्चों को स्टाफ द्वारा न्यौता भोज कराया गया, सभी बच्चों ने बडे ही उत्साह एवं उमंग के साथ धैयपूर्वक भोजन ग्रहण किया, प्राचार्य राजकुमार देवांगन, संचालक ललित सिंह गौर एवं कीर्तिबाला टांक ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को अन्न का सही उपयोग एवं थाली में लिये गये अन्न का उतना ही हिस्सा लेना जितना हम ग्रहण कर सकते हैं, भोजन को व्यर्थ रूप से फेंकना या छोड़ना उचित नहीं होता, साथ ही बच्चों को भोजन प्रवन्धन एवं व्यवस्था की शैली सीखने का अवसर मिला, पूरे कार्यक्रम में गंजीर, सिन्हा, यादव सर एवं समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## अछोली में नववर्ष के अवसर पर विद्यार्थियों को नेवता भोज कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अछोली में नववर्ष 2026 के शुभ आगमन के अवसर पर नेवता भोज का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्वर्गीय भोजराम कोसरिया एवं स्वर्गीय भुनेश्वरी सोनी की पुण्य स्मृति में उनके परिजनों द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर विनय सोनी एवं उनके सहयोग से प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला अछोली के विद्यार्थियों को खीर-पूरी का वितरण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान आयोजकों ने विद्यार्थियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा के प्रति रुचि एवं अनुशासन बनाए रखने का संदेश दिया। बच्चों में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला तथा सभी विद्यार्थियों ने स्नेहपूर्वक परोसे गए भोजन का आनंद लिया। इस अवसर पर ग्राम के गणमान्य नागरिक कुंजलाल भंडारी, उमेश उइके, बबलू साहू, शैलेन्द्र साहू, अंकित जैन सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं कुंती देवांगन, यज्ञ देवांगन, तारा भूआर्य, विजय यादव, जितेंद्र बघेल, खंजन गांवरे एवं ऊषा भूआर्य उपस्थित रहे। सभी उपस्थितजनों ने इस सामाजिक एवं प्रेरणादायी पहल की सराहना करते हुए आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

### ग्राम पसौद में मेला मड़ई 4 जनवरी को

**लाटाबोड़।** गुंडरदेही ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पसौद मे 4 जनवरी रविवार को मेला मड़ाई का आयोजन रखा गया है। उपसरपंच जागृत साहू ने बताया ग्राम मे यह मड़ाई मेला के आयोजन का 28 वां वर्ष है। वहीं ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रिकालीन छत्तीसगढी नाचा गम्मत पार्टी चाचा भतीजा ग्राम-भोथीडीह पाहंदा (चम्पारण) वालो का कार्यक्रम रखा गया है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छेमवी, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**दीप महायज्ञ के माध्यम से बुरी आदतों के त्याग और संस्कार निर्माण का आह्वान**

## नववर्ष पर गायत्री परिवार ने दीप महायज्ञ कर समाज को दिया सदाचार का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर



गायत्री परिजन नारद देव साहू के नेतृत्व में गायत्री परिवार ने 2025 की विदाई और 2026 की स्वागत के लिए दीप महायज्ञ का आयोजन किया। नारद देव ने कहा कि अतीत की अच्छी आदतों को आगे बढ़ाए और बुरी आदतों का त्याग कर भविष्य को मंगलमय बनाए। संस्कार से अच्छी आदतें जीवन में आती है। कर्म अच्छा होने से भविष्य के लिए अच्छा फल तैयार होता है जिसका स्वाद अमृत सा आनंद देता है। उन्होंने कहा कि संतान में बाल्यकाल से संस्कार का बीजारोपण करे तब आपका बुढ़ापा सफल हो पाएगा और संतान का भविष्य संवर पाएगा।

शांतिकुज प्रतिनिधि के रूप में आये प्रज्ञा पुत्र राजेश एवं रोमलाल ने बताया की अपने व परिवार के कल्याण के लिए परमात्मा से गायत्री माता से जुड़ना आवश्यक है, गायत्री मंत्र हमे सतमार्ग में चलने की प्रेरणा देती है, इस मंत्र को आज हम सबके लिए श्रीराम शर्मा जी ने शुलम बना दिया है इस महामंत्र को अपने जीवन में अवश्य उतारना चाहिए, यह मंत्र हम सबके आय, जल, बुद्धि बल, शक्ति बल को बढ़ायेगा तथा सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता रहेगा।

आचार्यो ने कहा कि आज हमारा देश हमारा समाज वैश्विक आपदाओं से गुजर रहा है, ऐसे समय में हम सभी का कर्तब्य होना चाहिए कि समाज और देश को शक्ति देने भगवान की कृपा पाने के लिए बुराइयों का त्याग करना चाहिए, इसके लिए गुरु देव ने कहा है कि सत्संग का महापुरुषो का एवं अच्छे साहित्यों का सहारा लेना चाहिए। बच्चे कल के भविष्य के धरोहर है उसे अच्छा इन्सान बनाने के लिए उन्हें अच्छे संस्कार की आवश्यकता है, इसलिए हर मां बाप को सोचना जरूरी है, इसके लिये हर परिवार में साधना, उपासना, आराधना, की बात जताते हुए समय का धन का वाणी का सदुपयोग करें तभी हमारे समाज में अच्छा परिवर्तन हो आवश्यकता है।

इस अवसर पर मुकेश कुमार शुक्ला, दानेश्वर साहू, खेमलाल यादव, जिलोखन चन्द्राकर, श्याम ऋषि चंद्राकर, खिलेश कुमार साहू, राजकुमार ठाकुर, पिताम्बर साहू, दाऊदास माणिकपुरी एवं बहन भारती सोनबेर, उमा चन्द्राकर, शशीकला साहू तामेश्वरी साडू, मालती साहू, राजेश्वरी वर्मा बसंती साहू, सतरूपा साडू, कित्ती साहू, मीना साहू, यमुना ठाकुर, परमीला साहू, कुंती साहू, तामेश्वरी साहू, धनेशनरी साहू, मधुदेवी साडे हेमलता ठाकुर, नंदनी साहू उपस्थित थे।

